हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 29 अप्रैल 2024

04 अमलतास अस्पताल में नवजात शिशु का संपूर्ण ...



06 टीम वर्क के रूप में पूरी ऊर्जा के साथ काम करें ...





## खबर संक्षेप

### बीएड कॉलेजों में 9 मई तक रजिस्ट्रेशन

**सीहोर।** बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीए बीएड, बीएससी बीएड, बीएलएड तथा बीएड (अंशकालीन) कोर्सो में भी प्रवेश प्रक्रिया का पहला चरण 1 मई से शुरू होगा। विद्यार्थी 9 मई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं च्वॉइस फिलिंग कर सकते हैं। दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन 2 से 11 मई तक होगा। त्रुटिपूर्ण एवं पठनीय दस्तावेजों के आवेदकों द्वारा निकट के हेल्प सेंटर में पहुंचकर सत्यापन कराने की प्रक्रिया 2 से 14 मई तक चलेगी। मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 15 मई को होगा। मेरिट एवं च्वॉइस फिलिंग के अनुसार सीट आवंटन 21 मई को किया जाएगा। फीस का ऑनलाइन भुगतान 21 से 25 मई के बीच होगा। प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण 21 मई से होगा।

### 2024 में जोड़े गए चार नए विषय

**सीहोर।** राज्य पात्रता परीक्षा-2024 में चार नए विषय बढ़ाए गए हैं। अब यह परीक्षा 24 विषयों के लिए होगी। इस संबंध में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने मंगलवार को नोटिस जारी किया है। एमपीपीएससी ने द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा 15 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाएगी। एमपीपीएससी द्वारा पूर्व में जारी नोटिफिकेशन के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग ने 20 विषयों के लिए पात्रता परीक्षा कराने का निर्णय लिया था। अब नए विषयों में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन, रक्षा और रणनीतिक अध्ययन, संगीत और पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागर और ग्रह विज्ञान को शामिल किया गया है। इन चारों विषयों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया 23 अप्रैल से शुरु होगी।

### छात्रवृत्ति के लिए 30 तक कर सकते हैं आवेदन

**सीहोर।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये एमपी टास्क पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए 30 अप्रैल तक के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग ने सभी संबंधित प्रमुखों को पत्र के माध्यम से कहा है कोई भी पात्र विद्यार्थी आवेदन करने से वंचित न रहें। 1 मई से शुरू होंगे यूजी के रजिस्ट्रेशन, पीजी के 2 से सीहोर। कॉलेजों में यूजी कोर्स में ऑनलाइन एडमिशन 1 मई और पीजी में 2 मई से रजिस्ट्रेशन शुरु होंगे। जिन विद्यार्थियों का 12वीं का रिजल्ट आ चुका है उन्हें बीए, बीकॉम, बीएससी सहित बीबीए सहित अन्य 11 यूजी कोर्स में प्रवेश के लिए 20 मई तक रजिस्ट्रेशन करवाना होंगे।



# मुख्यमंत्री यादव पहुंचे मां बगलामुखी के दरबार

## दर्शन कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने माता रानी के समक्ष मत्था टेक कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ यादव का मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रथम बार नलखेड़ा आगमन हुआ। मुख्यमंत्री सुसनेर में राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में महती जनसभा को संबोधित करने के बाद हेलीकॉप्टर से मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित बनाए गए हेलीपैड पर पहुंचे। जहां उनका भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर सम्मान किया। हेलीपैड से मुख्यमंत्री डॉ यादव कार द्वारा मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने गर्भ गृह में बैठकर विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ माता रानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। गर्भगृह



में मुख्यमंत्री डॉ यादव का मुख्य पुजारी गोपालदास पंडा ने स्वागत कर माता रानी की चूनरी भेंट की। पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव सिद्धपीठ के समीप स्थित सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहां उन्होंने संतश्री सांदीपेंद्र महाराज से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



## नगर परिषद, थाने पर लगा भैरूंदा का बोर्ड पर कई संस्थानों ने नाम बदलने पर नहीं दिया ध्यान

# एक साल के बाद भी नसरुल्लागंज का नाम नहीं बदल सके "भैरूंदा" के जिम्मेदार

### 2 अप्रैल 2023 को बदला गया था नाम, लेकिन अब तक कॉलेज, बैंकों के बोर्डों में नसरूल्लागंज ही लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सीहोर जिले के भैरूंदा का नाम बदले हुए एक साल से भी अधिक समय हो गया है। इसका गजट नोटिफिकेशन भी हो चुका है, लेकिन इसके बाद भी भैरूंदा के चाहे कॉलेज हो या यहां के व्यापारी, अब तक नाम नहीं बदल सके हैं। अब भी इनके यहां लगे बोर्ड में नसरूल्लागंज ही लिखा हुआ है। यहां के बैंक भी अभी नसरूल्लागंज के नाम से ही पहचाने जा रहे हैं। दरअसल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं बुधनी विधायक शिवराज सिंह चौहान की पहल पर बाबा भैरवनाथ की नगरी का नाम नसरूल्लागंज से बदलकर भैरूंदा किया गया था। यह सौगात उन्होंने 2 अप्रैल 2023 को भैरूंदा के स्थापना दिवस के मौके पर दी थी।

### सरकारी कॉलेजों में अब भी नहीं बदला बोर्ड

2 अप्रैल 2023 को नसरूल्लागंज का नाम बदलकर भैरूंदा कर दिया गया था। सरकारी रिकार्ड में भी यह दर्ज हो गया है, लेकिन भैरूंदा के पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं शासकीय कॉलेज अब तक यहां पर नाम परिवर्तन नहीं कर सके हैं। इसी तरह जनजातीय कार्य विभाग ने भी अब तक नाम नहीं बदला है। अब भी इनके बोर्ड पर नसरूल्लागंज ही लिखा हुआ है।

**बैंकों के बोर्डों में भी नसरूल्लागंज :** भैरूंदा के सरकारी एवं निजी बैंकों के बोर्डों पर भी अब तक नसरूल्लागंज ही लिखा हुआ है। बैंकों ने भी अपने बोर्डों में अब तक नाम नहीं बदला है। इसी तरह भैरूंदा के ज्यादातर व्यापारियों ने भी अपनी दुकानों पर लगे बोर्ड अब तक नहीं बदले हैं। ज्यादातर दुकानों के ऊपर लगे बोर्डों में अब भी नसरूल्लागंज ही लिखा हुआ है।










### नबाव शासनकाल में बदला था नाम

यूं तो भैरूंदा का प्राचीन नाम भैरूंदा ही था, लेकिन नबाव शासनकाल में इसका नाम बदलकर नसरूल्लागंज कर दिया गया था। इसके बाद लंबे समय तक यही नाम चलता रहा और अब यह नाम बदलकर भैरूंदा किया गया है।

### लंबे समय तक चली नाम बदलने की मांग

नसरूल्लागंज का नाम भैरूंदा करने को लेकर नगरवासी लंबे समय से मांग कर रहे थे। कई बार इसको लेकर ज्ञापन भी सौंपे गए। इसके बाद नगरवासियों की मांग पर अमल करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 2 अप्रैल 2023 को भैरूंदा के स्थापना दिवस के अवसर पर सौगात देते हुए नसरूल्लागंज का नाम बदलकर भैरूंदा कर दिया। इसका गजट नोटिफिकेशन भी हो गया।

### नाम नहीं बदला है तो दिखवाएंगे

शासकीय संस्थाओं के नियम होते हैं और इसके तहत ही नाम परिवर्तन किया जाता है। व्यापारियों एवं अन्य जगह भी नाम नहीं बदला गया है तो इसको लेकर भी दिखवाते हैं।

**मदनसिंह रघुवंशी,** एसडीएम भैरुंदा


### एप्रूवल के बाद नाम बदल जाएगा

नियमों के तहत एआईटीटी से एप्रूवल लेना होता है। इसके लिए एप्लाई किया हुआ है। प्रोसेस में है और जल्द ही इसका एप्रूवल मिल जाएगा। उसके बाद नाम बदल जाएगा।

**मथुरेंद्र सिंह,** प्राचार्य शा.पॉलिटेक्निक कॉलेज भैरुंदा

## दिव्यांग व 85 प्लस मतदाताओं ने किया अपने-अपने घरों पर मतदान

**नलखेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 40 प्लस दिव्यांग एवं 85 प्लस मतदाताओं की होम वोटिंग रविवार को हुई। निर्वाचन कर्मचारियों द्वारा घर घर पहुंचकर उनका मतदान करवाया। नगर के जिन 40 प्लस दिव्यांग एवं 85 प्लस बुजूर्ग मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए फार्म भरा था, बीएलओ व अन्य निर्वाचन कर्मचारियों द्वारा उनके घर पहुंचकर मतदान करवाया गया। ऐसे मतदाताओं के घर अस्थाई मतदान केंद्र बनाकर पूर्ण रूप से गोपनीयता के साथ वोटिंग करवाई गई।




# सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल व छांव की व्यवस्था करें : प्रेक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र देवास-शाजापुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक केपी मोहनराज (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक एस अय्यर कोजो (आईपीएस), व्यय प्रेक्षक बालाजी के ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आगर-मालवा में बैठक लेकर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-166, आगर (अजा) में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की।

सामान्य प्रेक्षक मोहनराज ने कहा कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए ठंडे पेयजल एवं छांव की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मूलभूत सुविधाएं मतदान केन्द्रों पर करें। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को मतदान में प्राथमिकता दी जाए तथा उनके लिए सभी व्यवस्थाएं मतदान केन्द्रों पर करें। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु गंभीरता से प्रयास करें, जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु सभी बूथ अवेयरनेस ग्रुप को एक्टिव कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने जिले में मतदान के लिए की गई तैयारियों की जानकारी बैठक में दी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सर्वेश यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मनीषा कौल व सभी निर्वाचन नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। सामान्य प्रेक्षक मोहनराज ने निर्देश दिए कि पोस्टल बैलेट से वोट करने के इच्छुक मतदाताओं से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वोटिंग करवायें। मतदान दलों एवं सेक्टर अधिकारियों को ले जाने वाले वाहन अच्छी कंडीशन तथा पूरी तरह फीट हों, सभी वाहनों में जीपीएस लगा हों। व्यय प्रेक्षक बालाजी के ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए अन्तर्राज्यीय एवं अन्त-जिला सीमाओं पर आवांछित गतिविधियों की रोकथाम हेतु बोर्डर चैक पोस्ट हर समय एक्टिव रहे, जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों की गहन चैकिंग करें। एसएसटी, एफएसटी सतत कार्यवाही जारी रखें।

**'मतदान दलों के वाहन पूर्णतः फीट और जीपीएस लगे हों'**

पुलिस प्रेक्षक एस अय्यर कोजो ने चुनाव के दृष्टिगत जिले में कानून व्यवस्था के लिए नियुक्त पुलिस बल की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए क्रिटीकल मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करवाने हेतु आवश्यक पुलिस बल एवं निर्वाचन आयोग अनुसार सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डोडा चूरा एवं अन्य मादक पदार्थां की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पुलिस सतत निरागनी रखें एवं कार्यवाही करें।

## 10 मई को भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के बाद निकाली जाएगी वाहन रैली

# भगवान परशुराम समस्त सनातन जगत के आराध्य : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भृगुकुल तिलक जमदग्नि नंदन रेणुका पुत्र भगवान श्री हरि विष्णु जी के छठे अवतार समस्त शस्त्र एवं शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम जी का वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया के दिन प्राकट्य हुआ। देवों के पूजनीय, सम्पूर्ण तेज से युक्त, योगेश्वर, सभी के पाप, ताप, सन्ताप, रोग का हरण करने वाले सुन्दर शोभनीय स्वरूप वाले शत्रुओं के संहारक परशुराम समस्त सनातन जगत के आराध्य हैं और सभी आस्था के साथ इनकी आराधना करते है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल से भेंट करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे।

इस मौके पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा सहित अन्य ने आगामी दिनों में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की। भेंट करने के दौरान समाजजनों ने पंडित श्री मिश्रा को बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समाजजनों के द्वारा सभी कथाकारों और समाजजनों को करीब 25 सौ से अधिक आमंत्रण कार्ड का वितरण किया जाएगा।



10 मई सुबह भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की जाएगी, अभिषेक किया जाएगा और उसके पश्चात आरती और वाहन रैली निकाली जाएगी, इसके अलावा महिला मंडल के द्वारा कलश पूजन, थाली सजावट प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं आगामी 12 मई को शाम पांच बजे विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। इसके पश्चात रात्रि आठ बजे शहर के बाल विहार ग्राउंड पर भोजन प्रसादी का इंतजाम किया जाएगा। इस मौके पर पुरुषों के द्वारा सफेद कुर्ता-पजामा और महिलाओं के लिए पीली साड़ी रहेगी।

### भगवान शिव की कड़ी तपस्या

सर्व ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि परशुराम ऋ षि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र हैं। इनका जन्म सतयुग और त्रेता युग के संधिकाल में हुआ। इनका नाम पहले राम था। इन्होंने भगवान शिव की कड़ी तपस्या की और उनसे वरदान में एक परसु प्राप्त किया। उसके बाद इनका नाम हो गया परशुराम। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम ने सीता स्वंयवर में जिस शिव धनुष को तोड़ा, उसे परशुराम ने ही राजा जनक को दिया था। वह शिव धनुष के टूटने पर बहुत क्रोधित हुए और महेंद्र पर्वत पर अपनी तपस्या से छोड़कर तुरंत स्वयंवर सभा में आए। लेकिन, जब उन्हें ज्ञात हुआ कि उन्हीं की तरह भगवान राम भी भगवान विष्णु के अवतार हैं, तो उनका क्रोध शांत हो गया। उन्होंने बताया कि त्रेता के बाद द्वापरयुग में भी भगवान परशुराम मौजूद थे। उन्होंने भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महावीरों को शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा दी थी।

जब परशुराम को पता चला था कि कर्ण ने उनसे झूठ बोलकर शिक्षा ली है, तो उन्होंने कर्ण को श्राप भी दिया कि जब उसे उनकी सिखाई विद्या की सबसे अधिक आवश्यकता होगी, तो वह उन्हें भूल जाएगा और उसके रथ का पहिया भूमि में धंस जाएगा। महाभारत में अर्जुन और कर्ण के बीच युद्ध के दौरान भगवान परशुराम का यह श्राप निर्णायक साबित हुआ।

# कंट्रोल रूम और पेड न्यूज मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण



**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस सूरज कुमार ने कलेक्टर कार्यालय में चल रही विभिन्न निर्वाचन संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया और विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल, निर्वाचन व्यय लेखा सेल, जिला कन्ट्रोल रूम, वीवीटी आदि कक्षों का निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यवाही को देखा। इस दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए संचालित किए जा रहे विभिन्न सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आरोपी के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत की कार्यवाही

**देवास।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने आरोपी अमजद उर्फ बाका पिता मुबारिक शेख उम्र 36 साल निवासी नागदा थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास को आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण लोक व्यवस्था के अनुरक्षण के प्रतिकूल किसी भी रीति से कार्य करने से रोकने के अभिप्राय से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3 की उप धारा ( 2 ) में प्रदत्त शक्तियों अन्तर्गत आरोपी अमजद उर्फ बाका के विरुद्ध निरुद्ध आदेश जारी किया है । आरोपी को तीन माह तक की अवधि के लिए निरुद्ध कर केन्द्रीय जेल भेरूगढ़ उज्जैन में रखा जाएगा।

### ग्राम पालखा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुआ विवाद

**चापडा।** पुलिस चौकी कमलापुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पालखा निवासी दो परिवारों के बीच रविवार को पुरानी रंजिश के चलते एक बार फिर विवाद हो गया। पुलिस चौकी कमलापुर से मिली जानकारी के अनुसार दोनों पक्ष की ओर से क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष के बीच पत्थर बाजी हुई, जिसमें महिलाएं भी घायल हुई है। फरियादी संजय पिता भंवरलाल यादव की ओर से दिनेश पिता रतनलाल यादव ,भाई लखन, गोविंद एवं कमल पिता भेरूलाल कांझर कुल चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं दिनेश यादव की ओर से संजय यादव एवं अर्जुन यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### कोशिका ने 12वीं में प्राप्त किए 91 प्रतिशत अंक




**देवास।** विगत दिनों बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट घोषित हुए। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 2 की छात्रा कोशिका पिता सुनील गेहलोत ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कक्षा 12वीं के साइंस विषय के 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार व विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। गेहलोत को परिवारजनों सहित स्नेहियों एवं विद्यालय स्टाफ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी कपिल यादव ने दी।

### मीराबावड़ी चौराहे से शांतिपुरा क्षेत्र तक असामाजिक तत्वों ने मचाया उत्पात

# आधी रात को आधा दर्जन वाहनों पर किया पथराव, कांच फूटे- घटना सीसीटीवी में कैद

मीराबावड़ी चौराहे से लेकर शांतिपुरा क्षेत्र में शनिवार रात करीब 3.30 बजे के दरमियान अज्ञात युवकों ने घरों के बाहर खड़े आधा दर्जन वाहनों के कांच फोड़ दिए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के बीच रिहायशी क्षेत्र में बीती रात कुछ बदमाशों ने घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों के कांच फोड़े और फरार हो गए। हालांकि आचार संहिता के चलते पुलिस की अतिरिक्त गश्त की जाती हैं, बावजूद इसके असमाजिक तत्वों ने उक्त घटना को अंजाम दिया। वाहनों पर पत्थर फेंकने के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं जिसमें कुछ युवक पत्थर फेंकते हुए नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के रहवासियों ने इसकी सूचना कोतवाली थाने पर दी थी।

पुलिस ने रहवासियों की सूचना पर सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। मामले को लेकर पुलिस ने फरियादियों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों को तलाशने में पुलिस जुट गई है। दरअसल बीती रात शहर के बीच भगतसिंह मार्ग स्थित मीराबावड़ी चौराहे से लेकर शांतिपुरा क्षेत्र में शनिवार रात करीब 3.30 बजे के दरमियान अज्ञात युवकों ने घरों के बाहर खड़े 5 वाहनों के कांच पत्थर मारकर फोड़ दिए। रहवासियों ने बताया कि कांच फूटने की आवाज सुनकर हम लोग जागे और देखा तो करीब 5 से 6 लडक़े थे, जिनकी उम्र करीब 18 से 20 वर्ष के लगभग थी। उनके हाथ में पत्थर, इंटे, फरसी भी थे और वह घरों के सामने रखी सभी गाडिय़ों पर पत्थर फैंकते हुए जा रहे थे। उन्होंने कई गाडिय़ों के कांच फोड़ दिए और काफी नुकसान कर दिया। हमारे मोहल्ले में पहली बार इस तरह की घटना हुई है, जिसमें पांच गाडियों में नुकसान हुआ है। क्षेत्र के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, पुलिस ने भी सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले हैं। फरियादियों ने कांच फूटने की घटना को लेकर कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी संजय घार्वे, दिनेश चौधरी, शचेन्द्र त्रिवेदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की मीराबावड़ी चौराहे पर रात्रि करीब 3.30 बजे के दरमियान घर के बाहर अचानक तोडफ़ोड़ की आवाज आई घर के बाहर देखा तो चार पांच अज्ञात युवक रोड़ पर खड़ी गाडियों के कांच पत्थर फेंककर फोड़ते हुए नजर आए थे। बदमाश लोगों के मकानों पर पत्थर फेंकते हुए शिशु विहार स्कूल से आगे भागते दिखाई दिए थे। पुलिस ने फरियादियों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।






### पहले भी हुई थी घटना

गौरतलब है कि इससे पहले भी नगरीय निकाय चुनाव के दौरान शहर के राजाराम नगर में 5 कारों के कांच फोडऩे की वारदात हुई थी। उसके बाद राधागंज क्षेत्र के विश्राम बाग, राम-रहीम नगर, मधुबन कॉलोनी में वाहनों के कांच फोडऩे की वारदातें हुई थी। ऐसे कई मामले और भी सामने आ चुके हैं। अब शहर के बीच इस प्रकार की वारदात होना पुलिस के लिए चुनौती है।

# अमरपुरा के पास सड़क हादसे में जीजा साले की हुई मौत

### आगे चल रहे वाहन में पीछे से घुसे बाइक सवार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर चापडा के समीप स्थित ग्राम अमरपुरा के पास निर्माणाधीन अस्पताल के सामने शनिवार की देर रात को एक सड़क हादसे में जीजा साले की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार बाइक सवार संतोष पिता गनू निवासी चिचोली बैतूल एवं संतोष पिता कल्याण सिंह धार्वे निवासी भैंसदेही बैतूल बाइक से इंदौर से बैतूल की ओर जा रहे थे। इस दौरान अमरपुरा के समीप निर्माणाधीन अस्पताल के सामने आगे चल रहे वाहन में पीछे से टकराने के कारण दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी उपेंद्र नाहर, आरक्षक राहुल लवंशी, प्रधान आरक्षक राजेश,डायल हंड्रेड पायलट देवकरण राठौर मौके पर पहुंचे और डायल हंड्रेड से दोनों के शवों शासकीय अस्पताल बागली ले जाया गया।पुलिस चौकी चापड़ा प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि दोनों मृतक इंदौर से बैतूल अपने घर जा रहे थे। इस दौरान हादसे का शिकार हो गए। आगे एक वाहन चल रहा था, जिसके पीछे यह बाइक से जा रहे थे। स्पीड ब्रेकर होने के कारण आगे जा रहे हैं, वाहन चालक ने ब्रेक लगाए। इसी दौरान पीछे आ रहे बाइक सवार अपने वाहन को कंट्रोल नहीं कर पाए और पीछे से वाहन में टकरा गए। जिसके कारण गहरी चोट लगने से दोनों की मौत हो गई। नाहर ने बताया कि दोनों रिश्ते में जीजा, साले लगते थे। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से दोनों की पहचान की गई। इसके पश्चात परिजनों को सूचना दी गई। रविवार के दिन दोनों के शवों का पीएम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि जिस वाहन से बाइक सवार टकराए थे।वह वाहन मौके से भाग निकला। इन स्प्रिट ब्रेकर के कारण पुर्व में भी हादसे हो चुके हैं।

### आबकारी विभाग ने देशी, विदेशी मदिरा जब्त कर प्रकरण किया दर्ज



**देवास।** जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग के दल द्वारा मुखबिर की सुचना पर वृत्त बागली (अ) के ग्राम दगड़ी में अनिल पिता ज्ञान सिंह के रिहायसी मकान एवं किराना दुकान कीपंचान समक्ष विधिवत तलाशी लेने पर प्लास्टिक की दो केनो में जमीन में गड़े हुए, 80 पाव देशी प्लेन मदिरा, दो गत्ते की पेटियों में देशी प्लेन मदिरा प्रत्येक पेटी में 50-50 पावभरे हुए। कुल 180 पाव देशी प्लेन मदिरा मात्रा 32.4 बल्क लीटर एवं दो गत्ते की पेटियों में भरी हुई 48 केन बीयर लेमाउंट मात्रा 24 बल्क लीटर कुल मात्रा 56.4 बल्क लीटर मदिरा जब्त की गई। प्रकरण में जब्त शुदा मदिरा की मात्रा 50 बल्क लीटर से अधिक होने के पर आरोपी के विरूद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# जनता ने जुमलेबाज सरकार को बदलने का मन बना लिया: तिवारी

**देवास।** इस चुनाव में देश की जनता ने इस जुमलेबाज सरकार को बदलने का मन बना लिया है। उक्त बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने एक पत्रकार वार्ता में कही। इस दौरान पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र मालवीय, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर, रेखा वर्मा, प्रदीप चौधरी, शौकत हुसैन, जिला कांग्रेस प्रवक्ता कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा, प्रतिक शास्त्री, राहुल पवार सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। राजेश तिवारी ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले एक चुनावी जनसभा में मोदी जी ने अपने




भाषणों के दौरान हिंदू-मुस्लिम को लेकर अपमानजनक बातें कहीं है। 400 सीट पार का जुमला झूठा है। गांव में कुर्सियां बेचने वाले आते हैं तो वह 400-400 चिल्लाते हैं लेकिन अंत में सो डेढ़ सौ रुपए में देकर चले जाते हैं। यही हाल बीजेपी के जुमले का भी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने स्पष्ट कह दिया कि कुछ भी हो जाए बीजेपी 150 पार नहीं जाने वाली। कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणा पत्र में 5 न्याय की गारंटी प्रस्तुत की है। पहली युवा न्याय, दूसरी किसान न्याय तीसरी नारी न्याय, चौथी श्रमिक न्याय, पांचवी हिस्सेदारी न्याय, देश का युवा आज अपना भविष्य देख रहा है। वह मोदी जी के खोखले और नफरती नारों से ऊब गया है। जैसे 2004 में शाइनिंग इंडिया की पोल खुल गई थी और यूपीए की सरकार बनी थी। वैसे ही देश ने परिवर्तन का मन बना लिया है।

# राहत भरी खबर: अमलतास अस्पताल में नवजात शिशु का संपूर्ण रक्त बदलकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमलतास अस्पताल के डॉक्टर्स ने एक दिन के नवजात शिशु का सम्पूर्ण रक्त बदलकर (एक्सचेंज ट्रांसफ्यूजन) शिशु को नया जीवन दिया । आमतौर पर यह प्रकिया आसपास के क्षेत्र में संभव नहीं है बड़े शहरो के अस्पतालों या मेडिकल कॉलेजों में निर्भर रहना पड़ता है जिसमे 70 से 80 हजार रूपये का खर्च आता है। इसमें मरीज की मृत्यु की भी आशंका बनी रहती है । अमलतास अस्पताल के डॉक्टर्स के मुताबिक जन्म के दूसरे दिन ही शिशु में पीलिया के लक्षण आने लगे । पीलिया का स्तर पहले 24 घंटे में 24 था रिपोर्ट देखकर डॉक्टर चौंक गए । बच्ची के माता पिता को अनहोनी की आशंका सताने लगी माँ ओर बच्चे दोनों का ब्लड ग्रुप अलग अलग था। माँ का ब्लड ग्रुप नेगेटिव और शिशु का पॉजिटिव था जिससे शिशु में खून की कोशिकाएं नष्ट होने से गंभीर पीलिया व खून की कमी होने लगी । अस्पताल की टीम ने शिशु की जान बचाने के लिए एक्सचेंज ट्रांसफुसन (सम्पूर्ण रक्त बदलाव) का निर्णय लिया एवं शिशु का पुरा खून बदला गया और खून बदलते ही पीलिया का स्तर सामान्य हुआ इस प्रकिया में चार घंटे लगे। अब शिशु पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अमलतास के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शाहबाज खान द्वारा बताया गया की शिशु की स्थिति देखकर रात के समय इस प्रकिया को करने का निर्णय लिया गया । देरी करने पर पीलिया का स्तर दिमाग तक जा सकता था। शिशु के माता पिता द्वारा डॉ. रावलीन कौर सबरवाल , डॉ. अनुष्का जाट एवं समस्त एनआईसीयू स्टाफ का धन्यवाद दिया एवं इस खर्चीली बीमारी का आयुष्मान योजनान्तर्गत निःशुल्क इलाज के लिये शासन का आभार प्रकट किया। अमलतास अस्पताल के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया द्वारा सभी चिकित्सक व स्टाफ को शुभकामनाएं दी, बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सीएम राइज स्कूल का परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तुलना में रहा कम, 10वीं का परिणाम 30 व कक्षा 12वीं का 42 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




संपूर्ण सुविधाओं के साथ बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य को लेकर प्रदेश सरकार करोड़ रुपए खर्चे कर रही हैं। बागली में बीते 3 वर्षों से उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में सीएम राइज स्कूल का संचालन किया जा रहा है। साथ ही नए भवन का भी निर्माण कार्य चल रहा है। स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक ,शिक्षिकाओं की नियुक्ति चयन परीक्षा के माध्यम से की गई है। बावजूद इसके सीएम राइज स्कूल का शिक्षा स्तर नहीं सुधर पा रहा है। इस वर्ष कक्षा 10वीं का परिणाम 30 प्रतिशत व कक्षा 12वीं का 42 प्रतिशत ही रहा। सीएम राइज स्कूल की कक्षा 10वीं में 91 विद्यार्थी दर्ज थे, जिसमें 84 परीक्षा में शामिल हुए और 25 उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष कि तुलना में 23 प्रतिशत गिर कर 30 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 12 वीं में 113 विद्यार्थियों में से 48 उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 42 प्रतिशत रहा जो कि गत वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक रहा। पस्तर के शिक्षक शिक्षिकाओं की नियुक्ति यहां पर की गई है, तो फिर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट में सुधार क्यों नहीं हो पा रहा है। बच्चों को बेहतर पढ़ाई क्यों नहीं दे पा रहे है। शिक्षा विभाग में बैठे जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

### महिला मंडल द्वारा सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन

# राधा नाम में समाया है सारा संसार: पंडित अजय शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




राधा नाम की धारा में जो बह जाता है, जो डूब जाता है, उसे भगवान श्रीकृष्ण का धाम मिल जाता है। जो भी सच्चे हृदय से राधा का नाम लेता है, उसके जीवन में कभी बाधा नहीं आती। राधा नाम हर बाधा को मिटा देता है। राधा नाम में सारा संसार समाया हुआ है। राधा नाम प्रेम और भक्ति की पराकाष्ठा है।यह विचार पं. अजय शास्त्री सिया ने चंदा शर्मा महिला मंडल द्वारा भवानी सागर में 3 मई तक होने वाली सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को व्यक्त किए। उन्होंने कहा भगवान को जो सच्चे भाव से स्मरण करता है, उसका भवसागर से उद्धार हो जाता है। भगवान को यदि तुम अपना सखा समझो तो भगवान तुम्हारे साथ खड़े रहेंगे। सूरदासजी भगवान को अपना मित्र मानते थे, इसलिए भगवान सूरदासजी पर सदैव कृपा करते थे। उन्होंने आगे कहा यदि भक्ति, भक्त, भगवान और गुरु इन चारों के चरणों में जिसने वंदन कर लिया, वह इस भवसागर से सहज ही पार हो जाता है। इनके चरण वंदना से हमारे मस्तिष्क पर जो रेखा है वह सीधी हो जाती है। भाग्य का उदय हो जाता है। उन्होंने कहा कलियुग में परंपराएं, रीति-रिवाज धीरे-धीरे समाप्त हो रहे हैं। किसी के चरण पकड़ने से अच्छा उसके आचरण पकड़ लो। चरण छूट सकते हैं, लेकिन आचरण छूटने वाले नहीं है। आचरण का सबसे ज्यादा महत्व है। इस दौरान पं. शास्त्री ने जरा तारों से तार मिलाकर तो देख, हरि बंधे हुए, खींचे हुए चले आएंगे.. भक्ति गीत की संगीतमय प्रस्तुति दी तो श्रोता मंत्रमुग्ध होकर नाचने लगे। आयोजक महिला मंडल ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर महाआरती की। सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया।



# रैली निकालकर किया मतदाताओं को जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 में शतप्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप अभियान हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप अभियान के तहत नगर परिषद लोहारदा में सभी बीएलओ द्वारा हाट-बाजार में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली तथा शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।

## खबर संक्षेप

### मच्छरों के पनपने से बीमार हो रहे लोग

**आष्टा।** नगर के अनेक वार्डों में गंदे पानी निकासी के लिए नालियां और नाले नहीं होने से वार्डों में घरों के आसपास खाली प्लाटों में घरों से निकलने वाला पानी जमा हो रहा है। साल भर गंदा पानी जमा रहने से छोटे-छोटे तालाब बन गए हैं। वहीं मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। जिसके कारण लोगों को बीमारी अपने जाल में जकड़ रही है। इसके बाद भी नगर पालिका पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं कर रही है। जिससे वार्डों के लोगों में नपा के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं वार्डवासियों का कहना है कि कई बार इस समस्या से पूर्व में नपा अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। वर्तमान परिषद को जल निकासी व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। ताकि समस्या का समाधान हो सके। गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 15,16 और 18 के स्थानीय लोग घरों से निकलने वाले गंदे पानी और बारिश के पानी की निकासी के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को लगातार नालियों और नाले का निर्माण कराने की मांग करते आ रहे हैं।

### गेहूं उपार्जन का कार्य अब सप्ताह में 7 दिवस

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी उपार्जन नीति के तहत कृषकों से गेहूं उपार्जन का कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) तक करने का प्रावधान किया गया था। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने इस आशय के निर्देश उपायुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला प्रबंधक, म.प्र. स्टेट सिविल सप्ला. कार्पो., जिला प्रबंधक, म.प्र. वे.हा. एण्ड लॉजि. कार्पो सीहोर को कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए गेहूं उपार्जन का कार्य अब सप्ताह में 7 दिवस (सोमवार से रविवार) उपार्जन अवधि तक किया जाना सुनिश्चित करें।

### लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए बुदनी में हुई बीएजी कार्यशाला

# टीम वर्क के रूप में पूरी ऊर्जा के साथ काम करें तो सफलता निश्चित है: कलेक्टर

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर ने मैदानी अमले को किया प्रेरित। बुदनी में बूथ अवेयरनेस ग्रुप कार्यशाला में 1400 से अधिक ग्रामीण अमला शामिल हुआ। मैदानी अमले के साथ जमीन पर बैठे कलेक्टर और अन्य अधिकारी, कर्मचारी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए बुदनी में बूथ अवेयरनेश ग्रुप की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने उपस्थित ग्रामीण अमले को सर्वाधिक मतदान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में 1400 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की दीदियॉ, चौकीदार, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव तथा शिक्षक शामिल हुये। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा की गत विधानसभा चुनाव में आपकी उर्जा, लगन और परिश्रम के कारण ही सीहोर जिला 84.4 मतदान प्रतिशत के साथ प्रदेश के अग्रणी पांच जिलो में शामिल रहा। आपकी कार्यकुशला और प्रयासों से ही जिले का मान बढ़ा है, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने सीहोर जिले के शिक्षकों का उदाहरण देते हुए कहा कि सभी शिक्षकों ने हर स्कूल में स्मार्ट क्लास बनाने के लक्ष्य को अपने व्यक्तिगत प्रयासों से बिना किसी सराकरी मदद के जन सहयोग से जिले के स्कूलों में टेलीविजन सैट लगा कर पूरे प्रदेश में अनुकरणीय मिसाल पेश की है। श्री सिंह ने कहा कि कोई भी कार्य कठिन नहीं है, बस मन में विश्वास होना चाहिए कि हम यह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गत विधानसभा चुनाव की तरह ही लोकसभा चुनाव मे अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए अथक प्रयास की आवश्यकता है।

### क्षमता को सिद्ध करने का मिलता है मौका

कलेक्टर सिंह ने कहा कि धारा के साथ तो सभी बहते हैं, लेकिन धारा के विपरीत चलने पर ही हमें अपनी क्षमता को सिद्ध करने का मौका मिलता है और ऐसे लोग ही दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं। सिंह ने कहा कि वर्तमान में हम सभी का लक्ष्य है कि हम सभी मिलकर लोकसभा चुनाव में सीहोर जिले को सर्वाधिक मतदान वाला जिला बनाने के लिए एक टीम के रूप में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि अपनी टीम में कोई व्यकित कमजोर पड़ रहा है तो उसे पीछे नहीं छोड़ना है बल्कि पूर्वाग्रह छोड़कर उसका हाथ पकड़कर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आपके बिना किसी काम या किसी योजना को धरातल पर कार्यान्वित करना संभव नहीं हैं। आपकी उर्जा और क्षमता को देखते हुए निश्चित ही लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, एसडीएम राधेश्याम बघेल तथा सीईओ जनपद पंचायत देवेश सराठे सहित जिला व जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मैदानी अमले के साथ जमीन पर बैठे कलेक्टर और अन्य अधिकारी

कार्यशाला स्थल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की दीदियॉं, सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी तथा शिक्षकों की संख्या हिसाब से कुर्सियॉं पर सभी का हॉल के अन्दर बैठना संभव नहीं था। सभी हॉल के अन्दर बैठकर संवाद कर सकें इसके लिए कुर्सियॉं बाहर निकलवाकर कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं सभी अधिकारी मैदानी अमले के साथ जमीन पर बैठ कर लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए संवाद किया।



### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने गत विधानसभा चुनाव में बुधनी विधानसभा के ग्राम खटपुरा, सोडानिया तथा शाहगंज में सर्वाधिक मतदान कराने वाली की टीम तथा सात बीएलओ को सम्मानित किया। इसके साथ ही कार्यशाला में छोटे बच्चों के साथ पहुंची अपने कर्तव्य के प्रति संजक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

### मतदान की दिलाई शपथ

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने कार्यशाला में उपस्थित मैदानी अमले को भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई।

# यात्रियों की परेशानी: शादी और चुनाव में यात्री बसें बुक

### यात्रियों को करना पड़ रहा घंटों इंतजार



**आष्टा।** बस स्टैंड पर पर्याप्त यात्री बसें नहीं होने से हो रही परेशानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार को शहर के बस स्टैंड पर सुबह से ही यात्रियों की भीड़ तो दिखाई दी लेकिन संचालन होने वाली बसों की संख्या कम रही। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बीते एक सप्ताह से शादी समारोह का सीजन चल रहा है। इस वजह से ज्यादातर बसें शादी समारोह में बुकिंग के चलते बस स्टैंड पर नहीं आ रही हैं। इधर, चुनाव आयोग ने कई बसों को वोटिंग के लिए लिया है। इससे भी डेली चलने वाली बसों की संख्या में कमी आई है।

### बसें इतनी भरी कि सीट भी नहीं मिल रही

भोपाल, इंदौर, शुजालपुर, सहित अन्य मार्गों से चलने वाली बसें खचाखच भरी हुई आ रही हैं। आष्टा से आने और जाने वाले यात्रियों को सीट नहीं मिल रही है। मजबूरी में यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा भोपाल-इंदौर हाईवे इसके अलावा पचोर, शुजालपुर, ब्यावरा, राजगढ़, कन्नौद, खातेगांव, हरदा, खंडवा, इछावर, कुरावर, शाजापुर,पोलाय मार्ग पर यात्री बसें कम चल रही हैं।

### निजीकरण होने से हो रही परेशानी

परेशानी को लेकर यात्री ममता बाई, सूरज सिंह, अखिलेश कुमार, महेंद्र वर्मा ने बताया कि शासन को यात्रियों की बिल्कुल फिक्र नहीं है, पहले जब भी शादी विवाह का सीजन होता था, तो शासन अतिरिक्त बसें चलाता था, लेकिन जब से सरकारी बसें खत्म हुई है और प्राइवेट बस चल रही है। प्राइवेट बस संचालकों की मनमानी दिखाई दे रही है। हमें मजबूरी में घटों खड़े होकर जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी सिद्धि गंज, कुरावर, पोलय, शाजापुर, और शुजालपुर मार्ग पर हो रही है। इन मार्गों 2 से 3 घंटे में बसें आ रही है।

### मेधावी छात्रों का किया सम्मान



**आष्टा।** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा में बोर्ड परीक्षा परिणाम में ,कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र सुमित फुलवान कक्षा 10 ने 94.02 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।इसी प्रकार सत्यम सेन और प्रियांशु वर्मा ने 91% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा कुमारी स्नेहा मेवाड़ा ने 88% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में कुमारी माया मेवाड़ा और कला संकाय में सुनील राय ने 89.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सुमित मेवाड़ा विज्ञान संकाय 88% अंको से द्वितीय स्थान और युवराज सोलंकी कला संकाय 86% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे । उनकी इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य सीएल पेठारी एवं समस्त स्टाफ द्वारा सम्मान करते हुए बधाई दी गई और उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# अपने बच्चों को लौकिक शिक्षा के साथ ही धार्मिक शिक्षा भी जरूर दें: मुनि सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अहिंसा परमो धर्म सनातन धर्म में भी कहा है। भूमि पूजन नहीं भूमि का शुद्धिकरण किया जाता है। जैन धर्म दया का धर्म है। शांति से बैठ कर सामायिक करें। जैन धर्म में अग्नि में आहुति के बजाय द्रव्य से भगवान की पूजा -अर्चना करने का उल्लेख है। आज लोगों की कथनी -करनी में अंतर है, इसी लिए काम नहीं हो रहें हैं।आज स्थिति यह है कि व्यक्ति को जिंदा रहते भोजन नहीं दिया और मरने पर दान व मृत्यु भोज कराते हैं।

जैन व्यक्ति त्याग करना जानता है।नकल करने वालों में अक्ल नहीं होती, अक्ल होती तो नकल नहीं करता।साधक को मंत्र का जाप करना होता है।व्रत करने से मन में एक शक्ति उत्पन्न होती है। हमारे देवता पंच परमेष्ठि है।जिस कुल में जन्मे उसको समझ कर अपने कर्तव्यों का पालन करें। धर्म क्षेत्र में रात्रि में काम नहीं किया जाता,पाप क्षेत्र में रात्रि में काम करते हैं। जिनेंद्र अभिषेक करें, यहां तो पूजन से काम हो जाता है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर




विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं।

मुनिश्री ने बताया कि धर्म करने की चीज नही, धर्म धारण करने की चीज होती है।जिसने धर्म का पल्ला पकड़ा ,उसे कभी किसी प्रकार का संकट नही आता ।धर्म धारण करने वाले व्यक्ति साहसी होते है ,भगवान महावीर का सिद्धांत अहिंसा का सिद्धांत है ,जो मुख्य रूप से जीवों को जियो ओर जीने का संदेश देता है।बहुमान समारोह ...कर्नाटक के बेलगावी जिला के गाडिकॉप से पधारे अठारह सदस्यी गुरु भक्तों का दिगम्बर जैन पंचायत समिति ने बहुमान किया। यह उल्लेखनीय है कि दक्षिण भारत के कर्नाटक एक ऐसा प्रांत है, जिसमें एक नही हजारों महान आचार्यो ने जन्म लेकर उत्तर भारत में जिन शासन की प्रभावना की है।वर्तमान में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनिश्री भूतबलि सागर जी महाराज ने भी दक्षिण भारत मे जन्म लेकर धर्म की प्रभावना की है।बहुमान समारोह में समाज के संरक्षक दिलीप सेठी,अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल, महामंत्री कैलाशचंद जैन चित्रलोक, संदीप जैन नीलबड़,नरेंद्र गंगवाल, संतोष जैन, शरद जैन,हेमन्त जैन,महेंद्र जैन जादूगर आदि उपस्थित थे। जिसमें सम्यकत्व आ गया तो उन्हें ज्ञान भी आएगा।योग, संयोग, पुण्य था इसलिए आप लोगों को धर्म लाभ मिला। अपने पुण्य को और अधिक बढ़ाए। मध्य क्षेत्र है, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर पर ही सभी साधु - संत आते हैं। गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के समाधि स्थल को व्यवस्थित बनवाएं। गौशाला का विशेष ध्यान रखें। बच्चों की लौकिक शिक्षा के साथ -साथ धार्मिक शिक्षा अर्थात पाठशाला पर भी विशेष ध्यान रखें। सामाजिक, आर्थिक उन्नति हो, सभी में एकता रहे। आष्टा तीर्थ रुप ले। धर्म और मंदिर से जुड़कर समाधि की ओर आगे बढ़ कर कल्याण करें।

उक्त बातें श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनि सागर महाराज ने कहा आप सभी आगम में जो बचा हुआ समय है, उसका सदुपयोग कर रहे हैं। शुद्धों उपयोग यही मिलेगा, स्वर्ग में गए तो आपको सदुपयोग मिलेगा।आप लोगों द्वारा अष्ट द्रव्यों से पूजा अर्चना करते हैं। धर्म आराधना करते समय कभी भी आकुलता नहीं करें। जिम्मेदारी युवाओं को सौंप कर धर्म आराधना करने से आकुलता नहीं बढ़ेगी।

### मोतियाबिंद मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा

**आष्टा।** स्थानीय सिविल अस्पताल में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। सदगुरू सेवा समिति आनंदपुर ने शिविर आयोजित करवाया। इसमें 179 लोगों की आंखों की जांच की गई। जिसमें से 37 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया, जिन्हें सदगुरू सेवा समिति आनंदपुर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए पहुंचाया गया है। राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण राज्य के जिला सचिव वरिष्ठ डॉक्टर अतुल उपाध्याय ने बताया कि इस नेत्र शिविर में 28 मरीजों को चश्मे का वितरण किया गया। साथ ही 56 मरीजों को दवाईयां दी गईं। निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जी.डी. सोनी के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। मरीजों की आंखों की जांच नेत्र चिकित्सा सहायक सुरेश सेन और रविन्द्र गोस्वामी ने की। मोतियाबिंद के चिन्हित नेत्र रोगियों को सदगुरु सेवा समिति आनंदपुर के बहन से ऑपरेशन हेतु भेजा गया है।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शनिवार को शासकीय हाई स्कूल जाफराबाद में मतदाता जागरूकता अभियान की शपथ शिक्षको ग्रामीणों को दिलाई गई इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक मतदान करने को अपील की। ग्राम पंचायत जाफराबाद पहुँच कर मतदान केंद्र क्र. 252 शा. हाई स्कुल जाफराबाद का निरीक्षण किया गया मतदान केंद्र एवं शाला की व्यवस्था सराहनीय रही राजपूत द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

मतदाता जागरूकता अभियान के अवसर पर संस्था प्राचार्य सजन सिंह मालवीय, बीएलओ श्रीराम झाला, स्टाफ के सदस्य रंजीता उपाध्याय, रेखा बगवैया, चंद्रशेखर सेन, विजय सिंह जायसवाल, देवराज वर्मा, प्रहलाद सिंह मेवाडा, साधना पंवार, ललिता मालवीय, सजन सिंह मालवीय, दीपक पोलाया, अरुण मेवाडा व ग्रामीण बाबूलाल मेवाडा, चरण सिंह, धन सिंह, अनिल कुमार मेवाडा, दिलीप सिंह मेवाडा, कुमेर सिंह मेवाडा, देव सिंह, अजय मेवाडा आदि उपस्थित रहे। ग्रामीण जनों व स्टाफ के सदस्यों द्वारा राजपूत का अभिनन्दन किया गया। राजपूत द्वारा सभी को मतदान हेतु प्रेरित किया कर शत प्रतिशत मतदान व निष्पक्ष मतदान हेतु सभी ग्रामीण जनो से अपील की गई।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में स्पिक मैके कार्यक्रम का आयोजन

# ओडिसी नृत्य और नाट्यशास्त्र के छात्र-छात्राओं को सिखाए स्टेप






हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

जवाहर नवोदय विद्यालय श्यामपुर सीहोर में स्पिक मैके कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर के एस बघेल ने दीप प्रजुलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके अंतर्गत विवेक कुमार वचन ने ओडिसी डांस प्रस्तुत किया। इन्होंने भारत आकर ओडीसी सीखा और स्पिक मैके संस्था के साथ इसका प्रचार प्रसार कर रहे हैं । विवेक कुमार ने डेढ़ घंटे के कार्यक्रम में वंदना के उपरांत भरत मुनि के नाट्यशास्त्र का संक्षिप्त परिचय देते हुए विभिन्न मुद्राओं में डांस प्रस्तुत किया और विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षित करने का प्रयास किया। उनकी टीम में रश्मि सारस्वत सचिव स्पिक मैके सोसाइटी मध्य प्रदेश रीजन, अरविंद एडवाइजर स्पिक मैके भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 31 वर-वधू का हुआ विवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

समीप्रस्थ ग्राम कजलास में सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन ग्राम के सरपंच बाबूलाल जाटव द्वारा ग्राम कें संत रविदास समाज धर्मषाला में 31 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। वही भंडारे का अयोजन भी किया गया। जिसमें समिति द्वारा सभी 31 वर-वधू को घर ग्रस्ति का सामान कन्यादान में दिया गया। गुरूवार को ग्राम के मुख्य मार्गो से ढोल-ढमाको, बैण्ड बाजे के साथ वर-वधु का चल समारोह निकाला गया जो विवाह स्थल पर पहुंचा जहां पर सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन हिन्दू वैदिक रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। वही अतिथियों द्वारा वर-वधू को आषीर्वाद व विवाह प्रमाण पत्र सहित दहेज का सामान प्रदान किये। इस दौरान अध्यक्ष बाबूलाल जाटव सरपंच, उपाध्यक्ष रतनसिंह पोरवाल, सचिव रामसिंह बामनिया, सह.सचिव लखनसिंह बामनिया सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य व ग्रामीण उपस्थित हुए।

### परिजनों ने लगाए आरोप- प्राथमिक उपचार भी नहीं किया नहीं तो बच सकती थी जान, झालावाड़ ले जाते समय हुई मौत

# 15 दिन में 2 प्रसूताओं सहित एक की मौत हड़ताल का बहाना बनाकर नहीं किया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा - माचलपुर

कद्दावर राजनेताओं के जिले में मौजूद होने के बाद भी जिले का स्वास्थ्य महकमा सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि यह अलग बात है कि वह अपने चुनावों में व्यस्त हैं और उन्हें सिर्फ अपने वोट बैंक बढ़ाने की चिंता है। फिर एक के बाद एक प्रसूताएं दम तोड़ती भी जाएं तो इससे उनका क्या लेना देना। जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की चेहरे की लाली दिनों दिन बढ़ती जा रही है। उधर प्रसूताएं मौत के मुंह में समाती जा रही हैं। पिछले 15 दिनों में 2 प्रसूताएं सही और समय पर उपचार न मिलने के चलते अकाल मौत का शिकार होने को मजबूर रही।

ताजा मामला माचलपुर का है जहां पर शुक्रवार की रात 10 बजे मरीज शिवप्रसाद को शासकीय अस्पताल ले जाया जाता है। जहां पर पदस्थ दोनों डॉक्टर ने हड़ताल का बहाना बनाकर मरीज का इलाज करने से मना कर दिया। परिजन गिड़गिड़ाते रहे परंतु डॉक्टर ने एक न सुनी। डॉक्टर अमरसिंह धार्वे के मानवीय संवेदनाओं को दरकिनार कर हड़ताल के बहाने इलाज करने से साफ इंकार कर दिया। आनन फानन में मरीज के परिजनों द्वारा जीप की व्यवस्था कर मरीज को झालावाड़ राजस्थान ले गए लेकिन तब तक मरीज शिवप्रसाद मालाकार की मौत हो चुकी थी। मृतक शिवप्रसाद के परिजनों ने बताया कि यदि मरीज को समय पर प्राथमिक इलाज मिल जाता तो मरीज की जान बच सकती थी, लेकिन इंजेक्शन तो छोड़िए एक गोली भी डाक्टरों द्वारा नहीं दी गई।





## डॉक्टर की रैफर वाली बात को परिजनों ने साफतौर पर खारिज किया

### आचार संहिता में हड़ताल कैसी?

इन दिनों समूचे प्रदेश में लोकसभा चुनाव की वजह से आदर्श आचार संहिता लागू है। आचार संहिता लागू होने के दौरान कोई भी धरना प्रदर्शन, हड़ताल, ज्ञापन सौंपने सहित शासकीय कर्मचारियों की छुट्टी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। फिर किस प्रकार माचलपुर के डॉक्टर हड़ताल पर रहे ? इस मामले में जीरापुर ब्लॉक मेडिकल आफिसर मनोज गुप्ता ने बताया कि हां कल हम डॉक्टरों की स्ट्राइक थी। हालांकि जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात 12 बजे डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी गई। लेकिन यह समझ से परे है कि जहां मरीजों की जिंदगी और मौत का सवाल होता है वहां डॉक्टरों की ऐसी क्या मजबूरी आ गई कि उन्हें हड़ताल पर रहना पड़ा वह भी नियम कायदों के विरूद्ध।

### हड़ताल में रेफर तो किया पर नहीं किया इलाज

माचलपुर शासकीय अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अमरसिंह धार्वे द्वारा मरीज का इलाज करने से साफ इंकार करने के बाद परिजन मरीज को झालावाड़ राजस्थान ले गए। जब मरीज की मौत हो गई और पत्रकारों ने सवाल किया तो डाक्टर अमरसिंह धार्वे ने बताया कि मैने मरीज को झालावाड़ रैफर किया था। आखिर एक तरफ डाक्टर का कथन है कि वे हड़ताल पर थे। दूसरी ओर कह रहे हैं कि मरीज को रैफर किया गया था। क्या मरीज को रैफर करना काम नहीं था? हालांकि डॉक्टर की रैफर वाली बात को परिजनों ने साफतौर पर खारिज करते हुए बताया कि डॉक्टर द्वारा कोई रैफर नहीं किया गया। जब यहां मरीज का इलाज नहीं किया गया तो हम हमारी मर्जी और व्यवस्था से झालावाड़ गए थे।

**इनका कहना है-**

कहां की बात है आप विस्तार से बताएं। मैं इस मामले को दिखवा लेती हूं।

**अंकिता जैन, एसडीएम खिलचीपुर**

### 15 दिनों में 2 प्रसूताओं सहित 1 की मौत, जिम्मेदार मौन ?

पिछले दिनों प्रसूताओं के साथ लापरवाही के चलते 10 अप्रैल को जिला अस्पताल में प्रसूता ज्योति वर्मा की मौत पर कार्रवाई अभी हुई ही नहीं की जीरापुर की एक और प्रसूता को बुधवार को जिला अस्पताल रेफर किया गया परंतु जब पता चला की वहां पर तो खून उपलब्ध ही नहीं है तो उसे राजगढ़ पहुंचने से ठीक पहले बुलाकर बीएमओ जीरापुर डॉ गुप्ता ने झालावाड़ रेफर किया गया, जहां इकलेरा पहुंचते पहुंचते प्रसूता की जान चली गई। इसके बाद ताजा मामला माचलपुर की प्रसूता का है जिसको शुक्रवार रात को शासकीय अस्पताल माचलपुर में इलाज के लिए ले जाया गया परंतु मौजूद डॉक्टरों ने हड़ताल का बहाना बनाकर इलाज करने से साफ मना कर दिया। परिजन उसको झालावाड़ लेकर गए परंतु उसकी भी रास्ते में ही मौत हो गई। 15 दिन में 3 प्रसूताओं की मौत के बाद भी डॉक्टर पर कोई कार्रवाई न होना प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है।

---

### गायत्री परिवार कर रहा यह आयोजन

## 24 कुण्डीय यज्ञ के प्रथम दिवस भव्यता से निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गायत्री परिवार के तत्वावधान में शनिवार से चार दिवसीय 24 कुण्डीय महायज्ञ की शुरूआत की गई है। स्थानीय प्रज्ञा भवन में चल रहे उक्त आयोजन के प्रथम दिवस परिवार के सदस्यों व धार्मिकजनों, महिलाओं द्वारा कलश यात्रा का आयोजन करवाया गया। यह कलष यात्रा मेन मार्केट व मुख्य मार्गों से होते हुए मंगल भवन के पीछे स्थित प्रज्ञा भवन पहुंची। इस बीच विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा इत्यादि से शोभायात्रा का स्वागत, अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर वहां यज्ञादि आयोजन की विधिवत शुरूआत की गई।



इस आयोजन में न केवल राजगढ़ बल्कि गुना व आसपास के अन्य जिलों के गायत्री परिवार सदस्य भी शामिल हुए हैं। परिवार के राजू भदौरिया ने बताया कि चार दिवसीय आयोजना द्वारा अन्नप्राशन, पुंसवन, नामाकरण, मुण्डन इत्यादि संस्कार निःशुल्क करवाए जाएंगे। इच्छुकजन इच्छानुसार छोटे बच्चों के उक्त संस्कार आरंभ करवा सकते हैं।

## वार्ड नंबर पांच के वासियों को मिली पानी की सौगात




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शहर में पानी की किल्लत हमेशा से बनी रही है। नगर पालिका से 8-10 दिनों में नल के द्वारा पानी दिया जाता है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी के बीच वार्ड नंबर 5 कोली मोहल्ले में पानी की ट्यूबवेल में मोटर लगाकर ट्यूबवेल को चालू किया गया। बता दें कि वार्ड नंबर 5 से पार्षद अतुल जगताप के अथक प्रयासों से आज नगर पालिका द्वारा स्वीकृत ट्यूबवेल में मोटर लगाकर चालू किया गया। वहीं वार्ड वासियों ने पार्षद का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया ,वार्ड वासियों को लंबे समय से पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। वहीं सालों बाद वार्ड के अंदर पानी की सौगात मिली है इसी के चलते वार्ड वासियों में योगेश शाक्यवार,मनीष चैधरी, रामकरण बैरागी, नीरज शर्मा ,मनीष जादौन, राजेश, जीतू जाट, गोपाल दीक्षित सहित कई वार्ड वासी मौजूद रहे और लोगों में खुशी की लहर है।

### छात्र-छात्राओं ने शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली

## अभाविप के कार्यकर्ताओं ने समृद्ध भारत यात्रा के माध्यम से संपर्क कर शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो कि छात्र हितों की लड़ाई के साथ-साथ राष्ट्रहित में कार्य कर रहा है विद्यार्थी परिषद छात्रहितों की चिंता तो करता ही साथ ही राष्ट्र हित में भी छात्र शक्ति कार्य करें इसके लिए सदैव तत्पर रहता है, विधार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री श्री धर्मेंद्र जी दांगी ने कहा की आगामी चुनाव में सत प्रतिशत मतदान और राष्ट्र हित में मतदान अति आवश्यक है, राष्ट्र हित में मतदान भारत के सुरक्षित भविष्य का आधार है । श्री दांगी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थी परिषद पूरे देशभर में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है, अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग तरीके से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर अधिक से अधिक वोट करने का आग्रह कर रहे हैं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजगढ़ जिले द्वारा पूरे जिले भर में समृद्ध भारत यात्रा के नाम से वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर यात्रा निकाली जा रही है शनिवार को विद्यार्थी परिषद की समृद्ध भारत यात्रा सारंगपुर नगर में पहुंची जहां यात्रा के साथ कार्यकर्ताओं ने नगर के अलग अलग स्थानों पर संपर्क किया और मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आग्रह किया।

यात्रा नगर के पैरामेडिकल महाविद्यालय भी पहुंची जहां महाविद्यालय के संचालक ऋषभ यादव के साथ महाविद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ ली। इस दौरान अभाविप भाग संयोजक शुभम शर्मा ने बताया कि यात्रा सारंगपुर तहसील के 102 स्थान जिनमें संडावता भ्याना लिमाचैहन भैंसवा पाडलिया माता जी मऊ पड़ाना धनौरा धमंदा उदनखेड़ी पचैर तलेन इकलेरा जैसे स्थानों पर पहुंचेगी, जहां युवा मतदाताओं को लोकतंत्र के इस पावन त्यौहार में सहभागी बनने और शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए शपथ दिलाई जाएगी। समृद्ध भारत यात्रा में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में जिला संयोजक अमन व्यास, जिला खेलो भारत गतिविधि प्रमुख सुनिल राजपूत, नगर मंत्री आदित्य शर्मा, महाविद्यालय अध्यक्ष प्रदीप सिंह गुर्जर, गोविंद कुंभकार, तुषार चैहन, अमन शर्मा, जयेश पटेल, भगवत जी गुर्जर उपस्थित रहे।

## शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल की छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी



**इकलेरा।** नगर की छात्रा प्रिया मीणा अबाडाने कक्षा 12वीं में कला संकाय 92: अंक प्राप्त किया। इकलेरा क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में शाहिद खान ग्राम सिका तुर्कीपुरा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पलक राठौर ग्राम सिका तुर्कीपुरा 87: तृतीय स्थान प्राप्त किया कुमारी वर्षा प्रजापति इकलेरा ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्रथम स्थान कुमारी राजनंदनी जाटव इकलेरा ने 80: अंक प्राप्त किया। द्वितीय स्थान वही कुमारी मनीष मेवाड़ा ग्राम सेहत खेड़ी 78 प्रतिष्शत अंक प्राप्त किय।। तृतीय स्थान कक्षा दसवीं में नमन रोहिल्ला ग्राम बिराल खेड़ी 81 अंक प्राप्त किया प्रथम स्थान कुमारी कल्पना कंसोटीया जांगिबाड ने 78: अंक द्वितीय स्थानप्राप्त किया कुमारी निर्मला मीणा बिरालखेड़ी 76: प्रतिशत अंक तृतीय स्थानप्राप्त किया स्थित विद्यालय प्राचार्य श्रीमती प्रियंका बिजनी एवं विद्यालय के स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### छोटे पिकअप में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

## सड़क हादसे में बच्चे समेत एक ही परिवार के 3 घायल



**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 ब्यावरा रोड पर शुक्रवार दोपहर एक अज्ञात वाहन ने छोटे पिकअप वाहन में टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप में सवार कालाखेत निवासी एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए जिनमें दो साल का नन्हा बच्चा भी शामिल है। सभी का इलाज जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में चल रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह ब्यावरा रोड हाईवे पर खीमाखेड़ी के नजदीक हुए इस हादसे मे लक्ष्मीनारायण पिता अमरलाल उम्र 45 साल, रितेष पिता रामलाल उम्र 16 साल एवं 2 वर्षीय बालक कुलदीप पिता अखिलेष घायल हो गए। घटना के बाद तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आईसीयू में एडमिट किया गया है।

## केवट समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हर्ष और उल्लास के साथ 26 अप्रैल को केवट समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन ग्राम तरेनी धाकड़ में किया गया। जिसमें 22 वर वधु का विवाह केवट समाज द्वारा कराया गया। जिसमें गांव में निवासरत अन्य समाज द्वारा भी समाज को भरपूर सहयोग प्रदान किया गया।

जिसमें भोपाल राजगढ़ शाजापुर अन्य जिलों से भी वर वधु विवाह हेतु इस आयोजन में पधारे।आयोजक समिति के अध्यक्ष गौरी लाल जी केवट द्वारा सामाजिक बंधुओ से निवेदन किया गया कि समाज के लोगों एवं युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर रखा जाए एवं युवा पीढ़ी के बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा समाज को आगे की ओर बढ़ने हेतु प्रयास किए जाएं।इस अवसर पर गौरी लाल जी केवट, देवी सिंह केवट राम सिंह केवट समिति के सभी कार्यकर्त्ता और सभी स्वजाति बंधु उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों ने डॉक्टर पाटीदार के साथ अभद्रता करने वाले युवक के खिलाफ आवेदन दिया

## नाटकीय अंदाज में बीएमओ, डॉक्टर, कर्मचारियों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सिविल अस्पताल में ताला जड़कर धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

आम चुनाव 2024 की प्रक्रिया देश भर में जारी है। आदर्श आचार संहिता लागू है। बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना धरना हड़ताल यहां तक की कोई रैली सभा तक नहीं की जा सकती है। ऐसे में सिविल अस्पताल के बीएमओ के आदेश पर डाक्टर कर्मचारियों ने शुक्रवार देर शाम को अस्पताल के गेट पर ताला जड़कर धरने पर बैठ गए। सिविल अस्पताल में उपचार कराने आए एक परिजन का डाक्टर से विवाद होने के उपरांत ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉ मनोज कुमार गुप्ता स्वयं युवक को पकड़कर थाने ले गए। तत्पश्चात डाक्टरों व स्टाफ को एकत्रित कर लामबंद होकर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिया को घटना की जानकारी देते हुए अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे गए। चिकित्सकों के धरने पर बैठने की जानकारी मिलने पर सीएमएचओ भी तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचीं। व धरने में शामिल हुई। अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा आचार संहिता लागू होने पर भी धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे मीडिया कर्मियों को बीएमओ डॉ गुप्ता ने कवरेज करने रोका और बोले की आप हमारे वीडियो फोटो न बनाये साइड में खड़े हो जिसकी पत्रकारों ने सीएमएचओ के समक्ष अपनी बात रखी। धरने पर बैठने की वजह महिला चिकित्सक के साथ अभद्रता को लेकर धरने पर बैठ गए।

इस दौरान बीएमओ द्वारा सामूहिक त्यागपत्र देने की भी चर्चा की गई। अस्पताल के कर्मचारियों के धरने पर बैठने की जानकारी लगते ही चुनाव प्रचार छोड़कर अस्पताल पहुंचे विधायक हजारीलाल दांगी ने भी समझाइश दी परंतु बीएमओ ने उनकी भी एक न मानी और कहा हमे पुलिस प्रोडक्शन मिले। प्रशासन के अधिकारी हमसे बात करने आएं। रात लगभग 12 बजे धरने पर बैठे कर्मचारी थाने पहुंचे जहा उन्होंने डाक्टर कविता पाटीदार के साथ अभद्रता करने वाले युवक के खिलाफ अपना आवेदन दिया।

### क्या था मामला

शुक्रवार दोपहर एक्सीडेंट के मामले में उपचार कराने के लिए सादलपुर गांव के कुशाल दांगी अपने परिजन को लेकर पहुंचे थे जिसका उपचार डॉ. पायल पाटीदार द्वारा किया जा रहा था। बड़े डाक्टर को बुलाकर उपचार कराने की बात को लेकर विवाद हो गया। डॉ. पायल पाटीदार ने इसकी जानकारी ब्लाक मेडिकल आफिसर को दी, जिस पर बीएमओ उक्त युवक को पकड़कर थाने ले गये वहां से लौटने के उपरांत कर्मचारियों को एकजुट कर धरने पर बैठ गए।

### विधायक की समझाइश को अनसुना कर धरने पर बैठे रहे

धरना प्रदर्शन कर रहे डाक्टरों के बीच रात 8 बजे विधायक हजारीलाल दांगी पहुंचे और उन्हे समझाने का प्रयास किया और कहा की अभी आचार संहिता लागू है इस तरह के धरने नही दे सकते हैं मामला जो भी हो उसे बैठकर हल करेंगे अभी आप मरिजो का उपचार करे इस बीच बीएमओ ने भी अपना पक्ष रखकर पुलिस सुरक्षा सहित अन्य बातो का समाधान होने तक धरने की बात कही। विधायक की समझाइश के उपरांत भी जब डाक्टर कर्मचारी नही माने तो उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा कर घटना की जानकारी दी।वही एक और सिविल।इस मामले को स्थानीय मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाकर अधिकारीयों का ध्यान आकर्षित कराया गया था। अस्पताल प्रबंधन ने विभागीय व प्रशासनिक कार्यवाही से ध्यान भटकाने के लिए एक प्लानिंग के तहत अस्पताल में धरना दिया जो जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

### इनका कहना है...

जीरापुर अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर के साथ एक लड़के कुशाल दांगी ने अभद्रता की थी। जिससे नाराज होकर डॉक्टर प्रोटेस्ट पर चले गए थे। मुझे जानकारी लगी तो मैंने उन्हें समझाया। प्राइवेट डॉक्टर को नहीं बुलाया वो खुद आ गए थे।

**सीएचएमओ किरण वाडिया**